# 'Swachhata Hi Seva' at CUH

## Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 24-09-2024**

# सफाई मित्र सुरक्षा शिविर में सफाईकर्मियों को मिल रहा लाभ

**संवाद सहयोगी, जागरण ● महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के अंतर्गत भारत सरकार के निर्देशानुसार सोमवार को स्वच्छता कर्मियों के लिए सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई व स्वास्थ्य केंद्र के साझा प्रयासों से आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में शामिल सफाई कर्मियों से मुलाकात करने पहुंचे विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में कार्यरत विभिन्न सफाई कर्मियों न अन्य सहयोगियों की स्वास्थ्य जांच के लिए महत्वपूर्ण है। इसके माध्यम से उन्हें आवश्यकतानुसार चिकित्सीय



हकेंवि में स्वच्छताकर्मियों की जांच के दौरान उपस्थित कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, समकुलपति प्रो. सुषमा यादव व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ● सौजन्यः हकेंवि

परामर्श व दवाएं इत्यादि उपलब्ध कराई जा रही हैं।

विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र में आयोजन इस शिविर में समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय की स्वच्छता व

> कुलपति ने कहा कि यह आयोजन विश्वविद्यालय में कार्यरत सफाई कर्मियों न अन्य सहयोगियों की स्वास्थ्य जांच के लिए महत्वपूर्ण है

सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सफाई कर्मियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए यह आयोजन एक उल्लेखनीय प्रयास है। अवश्य ही इससे सफाईकर्मी लाभान्वित होंगे। एक दिवसीय इस आयोजन के विषय में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि सफाई मित्र सुरक्षा शिविर के माध्यम से विश्वविद्यालय में कार्यरत विभिन्न सफाई कर्मी व अन्य सहयोगी कर्मचारियों विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य से संबंधी जांच कराई गई और जांच के आधार आवश्यक चिकित्सीय परामर्श दिया गया। विश्वविद्यालय की चिकित्सा अधिकारी डा. हिना यादव ने बताया कि इस शिविर के माध्यम से विश्वविद्यालय में कार्यरत स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक परामर्श उपलब्ध करवाया गया। उन्होंने बताया कि शिविर में 55 स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जांच के दौरान ब्लड प्रेशर, डायबीटिज व अन्य चिकित्सीय परामर्श उपलब्ध कराए और दवाएं भी दी गईं। डा. हिना ने बताया कि इस आयोजन में विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र के सभी कर्मचारियों सहित एनएसएस के संयोजक डा. प्रदीप, डा. नीलम, डा. युधवीर, डा. मुकेश उपाध्याय व स्वयंसेवक विद्यार्थी क्षितिज, विकास शर्मा, कर्ण, कोमल और प्रिया ने सक्रिय योगदान दिया।

# हकेंवि में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन

■ विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र में विशेष जांच की सुविधा से लाभांवित हुए सफाईकर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। स्वच्छता कर्मियों की जांच के दौरान उपस्थित कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा अभियान-2024 के अंतर्गत भारत सरकार के निर्देशानुसार सोमवार को स्वच्छता कर्मियों के लिए सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई व स्वास्थ्य केंद्र के साझा प्रयासों से आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में शामिल सफाई कर्मियों से मुलाकात करने पहुंचे विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में कार्यरत विभिन्न सफाई कर्मियों न अन्य सहयोगियों की स्वास्थ्य जांच के लिए महत्वपूर्ण है।

विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र में आयोजन इस शिविर में समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय की स्वच्छता व सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सफाई कर्मियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए यह आयोजन एक उल्लेखनीय प्रयास है। अवश्य ही इससे सफाई कर्मी लाभांवित होंगे। एक दिवसीय इस आयोजन के विषय में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि सफाई मित्र सुरक्षा शिविर के माध्यम से विश्वविद्यालय में कार्यरत विभिन्न सफाई कर्मी व अन्य सहयोगी कर्मचारियों विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य से संबंधी जांच कराई गई और जांच के आधार आवश्यक चिकित्सीय परामर्श दिया गया। विश्वविद्यालय की चिकित्सा अधिकारी डॉ. हिना यादव ने बताया कि इस शिविर के माध्यम से विश्वविद्यालय में कार्यरत स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक परामर्श उपलब्ध करवाया गया। उन्होंने बताया कि शिविर में 55 स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जांच के दौरान ब्लड प्रेशर, डायबीटिज व अन्य चिकित्सीय परामर्श उपलब्ध कराए गए और आवश्यकता अनुसार उपचार के लिए दवाएं भी दी गई। डॉ. हिना ने बताया कि इस आयोजन में विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र के सभी कर्मचारियों सहित एनएसएस के संयोजक डॉ. प्रदीप, डॉ. नीलम, डॉ. युधवीर, डॉ. मुकेश उपाध्याय व स्वयंसेवक विद्यार्थी क्षितिज, विकास शर्मा, कर्ण, कोमल व प्रिया ने सक्रिय योगदान दिया।

# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

## Public Relations Office

**Newspaper: India News Calling** **Date: 24-09-2024**

### Safai Mitra Suraksha Camp organized in CUH

September 23, 2024 04:59 PM



Mahendragarh.,23.09.24-A Safai Mitra Suraksha Camp was organized in collaboration with National Service Scheme (NSS) Units for Housekeeping Employees, under the Swachhata Hi Seva Abhiyan 2024, on Monday at Central University of Haryana (CUH), Mahendragarh. Prof. Tankeshwar Kumar, Vice Chancellor of the University said that this event is important for the health check-up of various housekeeping employees of the University. Through this, medical consultation and medicines etc. are being made available to them as per the need. Prof. Sushma Yadav, Pro-Vice Chancellor of the University said that this event is a remarkable effort for the better health of the housekeeping employees who play an important role in the cleanliness and security of the University. Prof. Suneel Kumar, Registrar of the University said that through Safai Mitra Suraksha Camp, various health related check-ups were conducted for various housekeeping employees and other supporting staff working in the University and necessary medical advice was given on the basis of the check-ups. Dr. Heena Yadav, Medical Officer, said that through this camp, the health of the sanitation workers working in the University was checked and necessary advice was provided. She said that the health of 55 housekeeping employees was checked in the camp. During the check-up, medical advice was provided on blood pressure, diabetes and other matters and medicines were also given for treatment as per requirement. Dr. Heena said that all the employees of the University Health Centre, NSS Coordinator Dr. Pradeep Kumar, Dr. Neelam, Dr. Mukesh Upadhyay and Dr. Yudvir actively contributed in this event.

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Navoday Times** **Date: 24-09-2024**

# विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र में विशेष जांच की सुविधा से लाभान्वित हुए सफाईकर्मी

महेंद्रगढ़, 23 सितम्बर (मोहन,परमजीत): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के अंतर्गत भारत सरकार के निर्देशानुसार सोमवार को स्वच्छता कर्मियों हेतु सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई व स्वास्थ्य केंद्र के साझा प्रयासों से आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में शामिल सफाई कर्मियों से मुलाकात करने पहुँचे विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि यह आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में कार्यरत विभिन्न सफाई कर्मियों न अन्य सहयोगियों की स्वास्थ्य जाँच हेतु महत्त्वपूर्ण है। इसके माध्यम से उन्हें आवश्यकतानुसार चिकित्सीय परामर्श व दवाएँ इत्यादि उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## हकेवि में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का हुआ आयोजन

विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र में आयोजन इस शिविर में समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय की स्वच्छता व सुरक्षा में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सफाई कर्मियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए यह आयोजन एक उल्लेखनीय प्रयास है। अवश्य ही इससे सफाई कर्मी लाभांवित होंगे।

एक दिवसीय इस आयोजन के विषय में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि सफाई मित्र सुरक्षा शिविर के माध्यम से विश्वविद्यालय में कार्यरत विभिन्न सफाई कर्मी व अन्य सहेयागी कर्मचारियों विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य से संबंधी जाँच कराई गई और जाँच के आधार आवश्यक चिकित्सीय परामर्श दिया गया। विश्वविद्यालय की चिकित्सा अधिकारी डॉ. हिना यादव ने बताया कि इस शिविर के माध्यम से विश्वविद्यालय में कार्यरत स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य की जाँच कर आवश्यक परामर्श उपलब्ध करवाया गया।



हकेवि में स्वच्छताकर्मियों की जांच के दौरान उपस्थित कुलपति व अन्य।

उन्होंने बताया कि शिविर में 55 स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जाँच के दौरान ब्लड प्रेशर, डायबीटिज व अन्य चिकित्सीय परामर्श उपलब्ध कराए गए और आवश्यकता अनुसार उपचार हेतु दवाएं भी दी गई।

डॉ. हिना ने बताया कि इस आयोजन में विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र के सभी कर्मचारियों सहित एनएसएस के संयोजक डॉ. प्रदीप, डॉ. नीलम, डॉ. युधवीर, डॉ. मुकेश उपाध्याय व स्वयंसेवक विद्यार्थी क्षितिज, विकास शर्मा, कर्ण, कोमल और प्रिया ने सक्रिय योगदान दिया।

नवोदय टाइम्स
Tue,24 September 2024
Edition: rewari mahendergarh times, Page no. 3

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Aaj Samaj** **Date: 26-09-2024**

## हकेवि में स्वच्छता की भागीदारी जागरूकता रैली आयोजित

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के डॉक्टर अम्बेडकर उत्कृष्टता केंद्र (डीएसीई) द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के अंतर्गत ह्यस्वच्छता की भागीदारीह्य जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अभियान का नेतृत्व करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान हम सभी के सामूहिक प्रयासों व भागीदारी से ही सफल होगा। अपने घर और आसपास स्वच्छता के लिए जरूरी है कि हम सभी मिलकर संकल्प लें कि न सिर्फ स्वच्छता अभियान बल्कि सदैव स्वच्छता के प्रति प्रयासरत रहेंगे। विश्वविद्यालय के डॉक्टर अम्बेडकर उत्कृष्टता केंद्र की ओर से आयोजित इस स्वच्छता भागीदारी जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रशासिनक खंड से शैक्षणिक खंड़ो तक रैली निकालकर सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय के सुंदर व स्वच्छ स्वरूप के निर्माण हेतु आवश्यक है कि सभी सहभागी इसके लिए मिलकर प्रयास करें। यह अभियान निरंतर जारी रहने वाली प्रक्रिया है और यह हर्ष का विषय है कि विश्वविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी, शोधार्थी व कर्मचारी इस दिशा में लगातार श्रमदान कर रहे हैं। जागरूकता रैली में सम्मिलित डीएसीई के समन्वयक प्रो. अंतरेश कुमार में विश्वविद्यालय कुलपति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निर्देशन व मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय अध्ययन-अध्यापन के साथ-साथ अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन भी बखूबी कर रहा है। विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता के प्रति सजगता इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 26-09-2024**


## सामूहिक प्रयासों से ही सफल हो सकेगी स्वच्छता मुहिम



**महेंद्रगढ़** | हकेवि के डॉक्टर अम्बेडकर उत्कृष्टता केंद्र द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के अंतर्गत 'स्वच्छता की भागीदारी' जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अभियान का नेतृत्व करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान हम सभी के सामूहिक प्रयासों व भागीदारी से ही सफल होगा। अपने घर और आसपास स्वच्छता के लिए जरूरी है कि हम सभी मिलकर संकल्प लें कि न सिर्फ स्वच्छता अभियान बल्कि सदैव स्वच्छता के प्रति प्रयासरत रहेंगे। इस स्वच्छता अभियान के अंतर्गत प्रशासनिक खंड से शैक्षणिक खंडों तक रैली निकालकर सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कुलपति ने कहा कि यह अभियान निरंतर जारी रहने वाली प्रक्रिया है और यह हर्ष का विषय है कि विश्वविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी, शोधार्थी व कर्मचारी इस दिशा में लगातार श्रमदान कर रहे हैं। रैली में सम्मिलित डीएसीई के समन्वयक प्रो. अंतरे कुमार ने कुलपति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निर्देशन व मार्गदर्शन में विवि अध्ययन-अध्यापन के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन भी बखूबी कर रहा है। विवि में स्वच्छता के प्रति सजगता इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 26-09-2024**

## हकेंवि में जागरूकता रैली आयोजित

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के डॉ. आंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र (डीएसीई) की ओर से स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान के अंतर्गत स्वच्छता की भागीदारी जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अभियान का नेतृत्व करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान हम सभी के सामूहिक प्रयासों व भागीदारी से ही सफल होगा। हम सभी मिलकर संकल्प लें कि न सिर्फ स्वच्छता अभियान बल्कि सदैव स्वच्छता के प्रति प्रयासरत रहेंगे। विवि के डॉ. आंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र की ओर से आयोजित इस स्वच्छता भागीदारी जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रशासनिक खंड से शैक्षणिक खंडो तक रैली निकालकर सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कुलपति ने कहा कि विवि के सुंदर व स्वच्छ स्वरूप के निर्माण के लिए आवश्यक है कि सभी सहभागी इसके लिए मिलकर प्रयास करें। यह अभियान निरंतर जारी रहने वाली प्रक्रिया है और यह हर्ष का विषय है कि विश्वविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी, शोधार्थी व कर्मचारी इस दिशा में लगातार प्रयास कर रहे हैं।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Navoday Times** **Date: 26-09-2024**

## स्वच्छता की भागीदारी जागरुकता रैली आयोजित

महेंद्रगढ़, 25 सितम्बर (ब्यूरो):हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के डॉक्टर अम्बेडकर उत्कृष्टता केंद्र (डीएसीई) द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के अंतर्गत 'स्वच्छता की भागीदारी' जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अभियान का नेतृत्व करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान हम सभी के सामूहिक प्रयासों व भागीदारी से ही सफल होगा। अपने घर और आसपास स्वच्छता के लिए जरूरी है कि हम सभी मिलकर संकल्प लें कि न सिर्फ स्वच्छता अभियान बल्कि सदैव स्वच्छता के प्रति प्रयासरत रहेंगे। विश्वविद्यालय के डॉक्टर अम्बेडकर उत्कृष्टता केंद्र की ओर से आयोजित इस स्वच्छता भागीदारी जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रशासिनक खंड से शैक्षणिक खंड़ो तक रैली निकालकर सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय के सुंदर व स्वच्छ स्वरूप के निर्माण हेतु आवश्यक है कि सभी सहभागी इसके लिए मिलकर प्रयास करें। यह अभियान निरंतर जारी रहने वाली प्रक्रिया है और यह हर्ष का विषय है कि विश्वविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी, शोधार्थी व कर्मचारी इस दिशा में लगातार श्रमदान कर रहे हैं। जागरूकता रैली में सम्मिलित डीएसीई के समन्वयक प्रो. अंतरेश कुमार में विश्वविद्यालय कुलपति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निर्देशन व मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय अध्ययन-अध्यापन के साथ-साथ अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन भी बखूबी कर रहा है। विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता के प्रति सजगता इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Aaj Samaj** **Date: 27-09-2024**

## हकेवि में 'स्वच्छता और नेचर ट्रेक' का आयोजन



**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के पर्यटन और होटल प्रबंधन विभाग द्वारा विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर विशेष ह्लस्वच्छता और नेचर ट्रेकह्ण का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता को बढ़ाना था। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने हरी झंडी दिखाकर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के ट्रेक न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं, बल्कि यह विद्यार्थियों को प्रकृति से जोड़ने और पर्यावरणीय स्थिरता के महत्त्व को समझने का अवसर भी प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और इस दिशा में योगदान देने का आग्रह किया। पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रणबीर सिंह, ने विद्यार्थियों को प्रकृति पर मानव गतिविधियों के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि पर्यावरणीय बदलावों का हमारे दैनिक जीवन और भविष्य की पीढ़ियों पर गहरा प्रभाव पड़ता है, इसलिए हमें इसके संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। इस नेचर ट्रेक में डॉ. अनिल कुमार, डॉ. विकास सिवाच, डॉ. जितेंद्र, डॉ. विवेक बाल्यान, डॉ. अमित, और सुश्री शिखा ने सक्रिय भागीदारी की। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर प्रकृति के विभिन्न पहलुओं को समझा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि ट्रेक में 60 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की और पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपना योगदान दिया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited ‘A’ Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 27-09-2024**


# हकेंवि में स्वच्छता और नेचर ट्रैक का आयोजन



स्वच्छता और नेचर ट्रेक के अवसर पर उपस्थित शिक्षक एवं प्रतिभागी। स्रोत- हकेंवि

संवाद न्यूज एजेंसी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ के पर्यटन और होटल प्रबंधन विभाग द्वारा विश्व पर्यटन दिवस पर विशेष स्वच्छता और नेचर ट्रेक का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता को बढ़ाना था। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने हरी झंडी दिखाकर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के ट्रेक न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं, बल्कि यह विद्यार्थियों को प्रकृति से जोड़ने और पर्यावरणीय स्थिरता के महत्त्व को समझने का अवसर भी प्रदान करते हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और इस दिशा में योगदान देने का आग्रह किया।पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रणवीर सिंह ने विद्यार्थियों को प्रकृति पर मानव गतिविधियों के सकारात्मक नकारात्मक प्रभावों के बारे में बताया।

## कवि सम्मेलन में दिखा विज्ञान और कविता का अद्वितीय संयोजन

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ के वेगश्री (वेदिक गणित शोध रीति) प्रकोष्ठ द्वारा विज्ञानिका नामक वैज्ञानिक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। आयोजन में प्रसिद्ध कवि सुरेश नीरव, यशपाल सिंह, पंकज प्रसून, मधु मिश्रा, डॉ. ऋतुबाला ने शिरकत की।

कवि सम्मेलन में विज्ञान और कविता का अद्वितीय संयोजन देखने को मिला। कविताओं में अंतरिक्ष, समय, पर्यावरण और प्रौद्योगिकी, गणित जैसे विषयों को व्यापक रूप से प्रदर्शित किया गया। कवि सम्मेलन में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विज्ञानिका विज्ञान और कला के बीच की खाई को पाटने वाली एक अनोखी पहल है। संवाद

# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 27-09-2024**

# हकेंवि में 'स्वच्छता और नेचर ट्रेक' का आयोजन



स्वच्छता और नेचर ट्रेक के अवसर पर उपस्थित शिक्षक एवं प्रतिभागी ● सौजन्यः हकेंवि

**संवाद सहयोगी, जागरण ● महेंद्रगढ़ :** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के पर्यटन और होटल प्रबंधन विभाग द्वारा विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर विशेष 'स्वच्छता और नेचर ट्रेक' का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता को बढ़ाना था। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने हरी झंडी दिखाकर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के ट्रेक न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं, बल्कि यह विद्यार्थियों को प्रकृति से जोड़ने और पर्यावरणीय स्थिरता के महत्त्व को समझने का अवसर भी प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और इस दिशा में योगदान देने का आग्रह किया। पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रणबीर सिंह, ने विद्यार्थियों को प्रकृति पर मानव गतिविधियों के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि पर्यावरणीय बदलावों का हमारे दैनिक जीवन और भविष्य की पीढ़ियों पर गहरा प्रभाव पड़ता है, इसलिए संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Navoday Times** **Date: 27-09-2024**

# स्वच्छता और नेचर ट्रेक का किया आयोजन



*स्वच्छता व नेचर ट्रेक के अवसर पर उपस्थित शिक्षक एवं प्रतिभागी विद्यार्थी।*

महेंद्रगढ़, 26 सितम्बर (मोहन, परमजीत): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के पर्यटन और होटल प्रबंधन विभाग द्वारा विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर विशेष 'स्वच्छता और नेचर ट्रेक' का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता को बढ़ाना था। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने हरी झंडी दिखाकर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के ट्रेक न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं, बल्कि यह विद्यार्थियों को प्रकृति से जोड़ने और पर्यावरणीय स्थिरता के महत्त्व को समझने का अवसर भी प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और इस दिशा में योगदान देने का आग्रह किया। पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रणबीर सिंह, ने विद्यार्थियों को प्रकृति पर मानव गतिविधियों के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों के बारे में जागरूक किया।

उन्होंने बताया कि पर्यावरणीय बदलावों का हमारे दैनिक जीवन और भविष्य की पीढ़ियों पर गहरा प्रभाव पड़ता है, इसलिए हमें इसके संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। इस नेचर ट्रेक में डॉ. अनिल कुमार, डॉ. विकास सिवाच, डॉ. जितेंद्र, डॉ. विवेक बाल्यान, डॉ. अमित, और शिखा ने सक्रिय भागीदारी की। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर प्रकृति के विभिन्न पहलुओं को समझा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि ट्रेक में 60 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की और पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपना योगदान दिया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: The Tribune** **Date: 01-10-2024**



## CLEANLINESS CAMPAIGN AT CUH

**Mahendragarh:** The National Service Scheme (NSS) unit of the Central university of Haryana (CUH), Mahendragarh, organised a cleanliness drive as part of the 'Swachh Bharat Mission'. The event, aimed at promoting hygiene and environmental sustainability, witnessed enthusiastic participation of students, faculty members, and local community members. Prof Tankeshwar Kumar, Vice-Chancellor, and Prof Sushma Yadav, Pro Vice-Chancellor, expressed gratitude to all participants. The cleanliness drive was conducted at Baba Jairamdas Mandir and sports complex, Pali, Mahendragarh. The event was inaugurated by Prof Suneel Kumar, Registrar.

Haryana Tribune Tue, 01 October
https://epaper.t

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Aaj Samaj** **Date: 01-10-2024**

# हकेवि में एनएसएस इकाई द्वारा स्थानीय गांव में स्वच्छता अभियान आयोजित



**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा सोमवार को ह्यस्वच्छ भारत मिशनह्व के अंतर्गत चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के अंतर्गत पाली स्थित बाबा जयरामदास मंदिर और खेल परिसर में सफाई अभियान का आयोजन किया गया। स्वच्छता और पर्यावरण स्थिरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों और स्थानीय समुदाय के सदस्यों ने प्रतिभागिता किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संदेश में कहा कि एनएसएस हमेशा से ही समाज सेवा में अग्रणी रहा है, और यह स्वच्छता अभियान स्वच्छ भारत के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए सभी प्रतिभागियों एवं आयोजको का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। स्थानीय गांव पाली स्थित बाबा जयरामदास मंदिर और खेल परिसर में आयोजित सफाई अभियान का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने किया। प्रो. सुनील कुमार ने समाज की भलाई के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के महत्त्व पर जोर दिया। उन्होंने सामुदायिक सेवा और स्वच्छता के प्रति युवाओं में जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने में एनएसएस के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. प्रदीप कुमार, एनएसएस समन्वयक; डॉ. नीलम यादव, कार्यक्रम अधिकारी इकाई एक और डॉ. युधवीर, कार्यक्रम अधिकारी इकाई तीन द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि एनएसएस इकाई भविष्य में भी स्वच्छ, हरित और स्वस्थ भारत अभियान के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए इसी तरह की गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। स्वच्छता अभियान भारत सरकार द्वारा परिकल्पित स्वच्छ भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कदम है। स्वच्छता अभियान में स्वयंसेवकों ने स्थानीय निवासियों के साथ संवाद किया और बीमारियों की रोकथाम और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में स्वच्छता और स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 01-10-2024**

## पाली गांव में स्वच्छता अभियान चलाया



महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के अंतर्गत पाली स्थित बाबा जयरामदास मंदिर, खेल परिसर में सफाई अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों और स्थानीय समुदाय के सदस्यों ने प्रतिभागिता किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संदेश में कहा कि एनएसएस हमेशा से ही समाज सेवा में अग्रणी रहा है। गांव पाली स्थित बाबा जयरामदास मंदिर और खेल परिसर में आयोजित सफाई अभियान का उद्घाटन विश्वविद्यलाय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने किया। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 01-10-2024**

## बाबा जयरामदास मंदिर व खेल परिसर में सफाई अभियान चलाया



भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हकेंवि की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सोमवार को 'स्वच्छ भारत मिशन' के अंतर्गत चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के अंतर्गत पाली स्थित बाबा जयरामदास मंदिर और खेल परिसर में सफाई अभियान का आयोजन किया गया। स्वच्छता और पर्यावरण स्थिरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों और स्थानीय समुदाय के सदस्यों ने प्रतिभागिता किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि एनएसएस हमेशा से ही समाज सेवा में अग्रणी रहा है और यह स्वच्छता अभियान स्वच्छ भारत के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने भी संबोधित किया।

स्थानीय गांव पाली स्थित बाबा जयरामदास मंदिर और खेल परिसर में आयोजित सफाई अभियान का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने किया। प्रो. सुनील कुमार ने समाज की भलाई के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के महत्त्व पर जोर दिया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. प्रदीप कुमार, एनएसएस समन्वयक; डॉ. नीलम यादव, कार्यक्रम अधिकारी इकाई एक और डॉ. युद्धवीर, कार्यक्रम अधिकारी इकाई तीन द्वारा किया गया।

# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

**Public Relations Office**

**Newspaper: India News Calling** **Date: 01-10-2024**

## CUH organised cleanliness drive at Pali village

September 30, 2024 06:51 PM



MAHENDERGARH, 30.09.24-The National Service Scheme (NSS) unit of Central university of Haryana (CUH), Mahendergarh organized a cleanliness drive today under the banner of the "Swachh Bharat Mission." The event, aimed at promoting hygiene and environmental sustainability, witnessed enthusiastic participation from students, faculty members, and local community members.

Prof. Tankeshwar Kumar, Vice Chancellor of the University said in his message that the NSS has always been at the forefront of social service, and this cleanliness drive is a testament to our commitment to Swachh Bharat. Prof. Sushma Yadav, Pro Vice Chancellor expressed gratitude to all participants and supporters for making the cleanliness drive a resounding success and gave her best wishes to the students.

The cleanliness drive was conducted at Baba Jairamdas Mandir and sports complex, Pali, Mahendergarh. The event was inaugurated by Prof. Suneel Kumar, Registrar, who emphasized the importance of maintaining a clean and healthy environment for the well-being of society. In his opening remarks, he lauded the efforts of NSS in fostering a sense of responsibility among the youth towards community service and cleanliness. The volunteers also interacted with local residents, raising awareness about the importance of cleanliness and hygiene in preventing diseases and improving the quality of life. The event was organised by Dr. Pradeep Kumar, NSS Coordinator, Dr. Neelam Yadav, Program officer unit 1 and Dr. Yudhvir, Program officer unit 3. They said that this cleanliness drive is a step towards achieving the larger goal of a Swachh Bharat, as envisioned by the Government of India

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Aaj Samaj** **Date: 02-10-2024**

# महात्मा गांधी का जीवन प्रेरणा का स्रोत : सुरेश जैन

- हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेमिनार का हुआ आयोजन

नीरज कौशिक

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा गांधी बहुआयामी व्यक्तित्व के साथ एक संत विषय पर केंद्रित राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारत विकास परिषद् के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री सुरेश जैन तथा विशिष्ट अतिथि की भूमिका में विश्वविद्यालय की प्रथम महिला व विज्ञान भारती हरियाणा की उपाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव उपस्थित रहीं। विश्वविद्यालय में इस कार्यक्रम के आयोजन के मुख्य संरक्षक विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व संरक्षक के रूप में समकुलपति प्रो. सुषमा यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही।



हकेवि में स्वच्छता ही सेवा अभियान में श्रमदान करते सुरेश जैन।



मुख्य अतिथि सुरेश जैन को स्मृति चिह्न भेंट करते कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।

आयोजन में मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन अंतमुर्खी होकर सीखने का दिन है। महात्मा गांधी एक सदी पुरुष थे। किसी भी देश के इतिहास में कई सौ वर्षों में ऐसे व्यक्तित्व का जन्म होता है जोकि देवतुल्य विचारों वाला हो। श्री सुरेश जैन ने अपने संबोधन में गांधी जी बाल्य जीवन से ही एक संत के रूप में सत्य को धारण किए हुए थे। उन्होंने सदैव सत्य व अहिंसा का अनुसरण किया और इसे सर्वप्रथम स्वयं पर लागू किया। गांधी जी ने ऐसा विमर्श तैयार किया जिसके परिणाम स्वरूप ग्राम विकास, शोषितों को सक्षम बनाने, दलितों के प्रति हीन भाव को खत्म करने, स्वदेशी का उपयोग करते हुए समाज को श्रेष्ठ, संस्कारित व आत्मनिर्भर बनाने का मार्ग प्रशस्त हुआ। मुख्य वक्ता ने अपने संबोधन में युवाओं की भूमिका को महत्त्वपूर्ण बताते हुए कहा कि सरकार नीति निर्माण कर सकती है लेकिन इसका सफलतम क्रियान्वयन और इसके माध्यम से बदलाव युवा शक्ति के संकल्प से ही आएगा। उन्होंने कहा कि जहां तक बात भारत भूमि की है तो यह बेहद क्षमतावान है और हमारी सभी आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकती है। उन्होंने अपने वक्तव्य के अंत में महात्मा गांधी को संत बताया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विद्यार्थियों व शिक्षकों द्वारा आयोजित इस सेमिनार और इसमें सम्मिलित मुख्य अतिथि के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत की आजादी की लड़ाई में महात्मा गांधी और उनके विचार उस कालखंड की आवश्यकता थे। सुभाष चंद बोस, बाल गंगाधर तिलक, भगत सिंह भी भारत की आजादी में महत्त्वपूर्ण स्थान रखते हैं। सभी ने अपनी-अपनी तरह से इस लड़ाई में योगदान दिया। कुलपति ने भगवान श्रीराम, श्री कृष्ण का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने भी उनके समय के अनुरूप आचरण कर अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी। आज के समय में भी जरूरी है कि हम समझें कि कैसे भारत विकसित होगा और इस विकास का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचेगा। विद्यार्थियों की भूमिका इस दिशा में महत्त्वपूर्ण है और अवश्य ही वे अपेक्षाओं व आकांक्षाओं पर खरे उतरेंगे।

इससे पूर्व में विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने मुख्य अतिथि व विश्वविद्यालय के कुलपति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महात्मा गांधी एक संत थे। वे सत्य, अहिंसा के मार्ग पर चले और उन्होंने स्वयं को सनातनी हिंदू बताते हुए वर्णाश्रम व्यवस्था में विश्वास जताया और साथ ही साथ उन्होंने जाति प्रथा जैसी कुरीति का जमकर विरोध भी किया। प्रो. सुषमा यादव ने प्रतिभागियों को महात्मा गाँधी के जीवन से सीख लेते हुए स्वाध्याय की आदत को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि संत बनने के लिए आवश्यक है कि हम छोटे-छोटे आकर्षण और लालच को त्यागकर मानवता के कल्याण के विषय में सोचें। आयोजन के अंत में विश्वविद्यालय में स्वच्छता के लिए प्रयासरत स्वच्छता सहयोगियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों व शोधार्थियों ने स्वच्छता हेतु श्रमदान भी किया। इस अवसर पर शोध अधिष्ठाता प्रो. पवन कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रो. फूल सिंह, प्रो. आकाश सक्सेना, प्रो. विकास गर्ग, प्रो. राकेश कुमार, डॉ. राजेंद्र मीणा, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. सुमित सैनी, डॉ. भारती बत्रा, डॉ. दुष्यंत कुमार, डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. मोहित कुमार, सुश्री संगीता, शम्मी मेहरा व छात्र सहयोगी अक्षतकांत व रमेश विशनोई ने महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 02-10-2024**



## स्वच्छता सहयोगी किए सम्मानित

**महेंद्रगढ़** | हकेंवि में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के सौजन्य से 'गांधी बहुआयामी व्यक्तित्व के साथ एक संत' विषय पर केंद्रित सेमिनार हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में भारत विकास परिषद् के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन तथा विशिष्ट अतिथि की भूमिका में विवि की प्रथम महिला व विज्ञान भारती हरियाणा की उपाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के आयोजन के मुख्य संरक्षक कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व संरक्षक के रूप में सम्कुलपति प्रो. सुषमा यादव की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि ने कहा कि किसी भी देश के इतिहास में कई सौ वर्षों में ऐसे व्यक्तित्व का जन्म होता है जोकि देवतुल्य विचारों वाला हो। सुरेश जैन ने बताया कि गांधी ने सदैव सत्य व अहिंसा का अनुसरण किया और इसे सर्वप्रथम स्वयं पर लागू किया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर ने कहा कि भारत की आजादी की लड़ाई में महात्मा गांधी और उनके विचार उस कालखंड की आवश्यकता थे। मुख्य अतिथि सहित विवि के वरिष्ठ अधिकारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों व शोधार्थियों ने स्वच्छता के लिए श्रमदान भी किया। शोध अधिष्ठाता प्रो. पवन कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रो. फूल सिंह, प्रो. आकाश सक्सेना, प्रो. विकास गर्ग, प्रो. राकेश कुमार, डॉ. राजेंद्र मीणा, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. सुमित सैनी, डॉ. भारती बत्री, डॉ. दुष्यंत कुमार, डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. मोहित कुमार, संगीता, शम्मी मेहरा ने योगदान दिया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Navoday Times** **Date: 02-10-2024**

# गांधी का जीवन प्रेरणा का स्रोत : जैन

महेंद्रगढ़,1 अक्तूबर (ब्यूरो): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में गाँधी जयंती के उपलक्ष्य में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा गाँधी बहुआयामी व्यक्तित्व के साथ एक संत विषय पर केंद्रित राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारत विकास परिषद् के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन तथा विशिष्ट अतिथि की भूमिका में विश्वविद्यालय की प्रथम महिला व विज्ञान भारती हरियाणा की उपाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव उपस्थित रहीं। विश्वविद्यालय में इस कार्यक्रम के आयोजन के मुख्य संरक्षक कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व संरक्षक के रूप में समकुलपति प्रो. सुषमा यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही।

आयोजन में मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन अंतर्मुखी होकर सीखने का दिन है। महात्मा गाँधी एक सदी पुरुष थे। किसी भी देश के इतिहास में कई सौ वर्षों में ऐसे व्यक्तित्व का जन्म होता है जोकि देवतुल्य विचारों वाला हो। श्री सुरेश जैन ने अपने संबोधन में गाँधी जी बाल्य जीवन से ही एक संत के रूप में सत्य को धारण किए हुए थे। उन्होंने सदैव सत्य व अहिंसा का अनुसरण किया और इसे सर्वप्रथम स्वयं पर लागू किया। गाँधी जी ने ऐसा विमर्श तैयार किया जिसके परिणामस्वरूप ग्राम विकास, शोषितों को सक्षम बनाने, दलितों के प्रति हीन भाव को खत्म करने, स्वदेशी का उपयोग करते हुए समाज को श्रेष्ठ, संस्कारित व आत्मनिर्भर बनाने का मार्ग प्रशस्त हुआ। मुख्य वक्ता ने अपने संबोधन में युवाओं की भूमिका को महत्त्वपूर्ण बताते हुए कहा कि सरकार नीति निर्माण कर सकती है लेकिन इसका सफलतम क्रियान्वयन और इसके माध्यम से बदलाव युवा शक्ति के संकल्प से ही आएगा। उन्होंने कहा कि जहाँ तक बात भारत भूमि की है तो यह बेहद क्षमतावान है और हमारी सभी आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकती है। उन्होंने अपने वक्तव्य के अंत में महात्मा गाँधी को संत बताया।

**स्वच्छता सहयोगियों को किया गया सम्मानित**

कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विद्यार्थियों व शिक्षकों द्वारा आयोजित इस सेमिनार और इसमें सम्मिलित मुख्य अतिथि के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत की आजादी की लड़ाई में महात्मा गाँधी और उनके विचार उस कालखंड की आवश्यकता थे। सुभाष चंद बोस, बाल गंगाधर तिलक, भगत सिंह भी भारत की आजादी में महत्त्वपूर्ण स्थान रखते हैं। सभी ने अपनी-अपनी तरह से इस लड़ाई में योगदान दिया। कुलपति ने भगवान श्रीराम, श्री कृष्ण का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने भी उनके समय के अनुरूप आचरण कर अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी। आज के समय में भी जरूरी है कि हम समझें कि कैसे भारत विकसित होगा और इस विकास का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुँचेगा।

इससे पूर्व समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने मुख्य अतिथि व कुलपति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महात्मा गाँधी एक संत थे। वे सत्य, अहिंसा के मार्ग पर चले और उन्होंने स्वयं को सनातनी हिंदू बताते हुए वर्णाश्रम व्यवस्था में विश्वास जताया और साथ ही साथ उन्होंने जाति प्रथा जैसी कुरीति का जमकर विरोध भी किया। प्रो. सुषमा यादव ने प्रतिभागियों को महात्मा गाँधी के जीवन से सीख लेते हुए स्वाध्याय की आदत को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि संत बनने के लिए आवश्यक है कि हम छोटे-छोटे आकर्षण और लालच को त्यागकर मानवता के कल्याण के विषय में सोचें। आयोजन के अंत में विश्वविद्यालय में स्वच्छता के लिए प्रयासरत स्वच्छता सहयोगियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शोध अधिष्ठाता पवन कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में फूल सिंह, आकाश सक्सेना, विकास गर्ग, राकेश कुमार, राजेंद्र मीणा, मनीष कुमार, नीरज कुमार, सुमित सैनी, डॉ. भारती बत्री, दुष्यंत कुमार, सुधीर कुमार, मोहित कुमार, संगीता, शम्मी मेहरा व छात्र सहयोगी अक्षतकांत व रमेश विशनोई ने महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 02-10-2024**

# राष्ट्रीय सेमिनार का हुआ आयोजन



**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी ने गांधी बहुआयामी व्यक्तित्व के साथ एक संत विषय पर केंद्रित राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया। मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन ने कहा कि आज का दिन अंतर्मुखी होकर सीखने का है। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि आजादी की लड़ाई में गांधी और उनके विचार उस कालखंड की आवश्यकता थे। सुभाष चंद बोस, बाल गंगाधर तिलक, भगत सिंह भी भारत की आजादी में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने कहा कि महात्मा गांधी एक संत थे और सत्य, अहिंसा के मार्ग पर चले। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 02-10-2024**

# राष्ट्रपिता का जीवन सभी के लिए प्रेरणास्रोत : सुरेश



हकेंवि में स्वच्छता ही सेवा अभियान में श्रमदान करते सुरेश जैन ● सौः हकेंवि

**संस, जागरण ● महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में स्कूल आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालाजी द्वारा गांधी बहुआयामी व्यक्तित्व के साथ एक संत विषय पर केंद्रित राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारत विकास परिषद् के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन तथा विशिष्ट अतिथि की भूमिका में विश्वविद्यालय की प्रथम महिला व विज्ञान भारती हरियाणा की उपाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व संरक्षक के रूप में समकुलपति प्रो. सुषमा यादव उपस्थित रही। मुख्य अतिथि सुरेश जैन ने कहा कि आज का दिन अंतर्मुखी होकर सीखने का दिन है। उन्होंने सदैव सत्य व अहिंसा का अनुसरण किया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited ‘A’ Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 02-10-2024**

## स्वच्छता ही सेवा है : प्रो. सुषमा



**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ में मंगलवार को महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में स्वच्छता पर शपथ समारोह का आयोजन किया गया। सम कुलपति प्रो. सुषमा यादव ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा है। यदि हम सभी अपने आसपास की सफाई स्वयं कर लेंगे तो देश की धरा अपने आप ही स्वच्छ हो जाएगी। उन्होंने स्वयंसेवकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और महात्मा गांधी के सपनों का भारत सिर्फ आजाद भारत नहीं, बल्कि स्वच्छ, साफ-सुथरा भारत भी हो, इसके लिए भी स्वयंसेवकों को प्रेरित किया। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 02-10-2024**

## हकेवि में एनएसएस स्वयंसेवकों ने ली स्वच्छता की शपथ




**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई एक और तीन द्वारा महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में स्वयंसेवको के लिए स्वच्छता पर शपथ समारोह का अयोजन किया गया। शपथ समारोह के मुख्य संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व सरंक्षक समकुलपति प्रो. सुषमा यादव रहे। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता ही सेवा है, यदि हम सभी अपने आसपास की सफाई स्वयं कर लेंगे तो देश की धरा अपने आप ही स्वच्छ हो जाएगी। उन्होंने स्वयंसेवकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और महात्मा गांधी के सपनों का भारत सिर्फ आजाद भारत नहीं, बल्कि स्वच्छ, साफ-सुथरा भारत भी हो, इसके लिए भी स्वयंसेवकों को प्रेरित किया। प्रो. सुषमा यादव ने स्वच्छता ही ईश्वर का रुप माना जाता हैं। कार्यक्रम की शुरूआत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. युधवीर ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। विश्वविद्यालय में एनएसएस इकाई के समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि स्वच्छता की सेवा अभियान के अंतर्गत एनएसएस इकाई द्वारा स्वच्छता को लेकर स्वच्छता रैली, सफाई अभियान सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीलम ने स्वयंसेवकों को स्वच्छता का महत्त्व समझाया और मुख्य संरक्षक व सरंक्षक के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम में दिलाई गई शपथ को आत्मसात किया। आयोजन में एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Chetna** **Date: 02-10-2024**

# हकेवि में एनएसएस स्वयंसेवको ने ली स्वच्छता की शपथ



**महेन्द्रगढ,चेतना संवाददाता।।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई एक और तीन द्वारा महात्मा गाँधी की जयंती के उपलक्ष्य में स्वयंसेवको के लिए स्वच्छता पर शपथ समारोह का अयोजन किया गया। शपथ समारोह के मुख्य संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व संरक्षक समकुलपति प्रो. सुषमा यादव रहे। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता ही सेवा है, यदि हम सभी अपने आसपास की सफाई स्वयं कर लेंगे तो देश की धरा अपने आप ही स्वच्छ हो जाएगी। उन्होंने स्वयंसेवको को स्वच्छता की शपथ दिलाई और महात्मा गाँधी के सपनों का भारत सिर्फ आजाद भारत नहीं, बल्कि स्वच्छ, साफ-सुथरा भारत भी हो, इसके लिए भी स्वयंसेवको को प्रेरित किया। प्रो. सुषमा यादव ने स्वच्छता ही ईश्वर का रुप माना जाता हैं। कार्यक्रम की शुरुआत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. युधवीर ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। विश्वविद्यालय में एनएसएस इकाई के समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि स्वच्छता की सेवा अभियान के अंतर्गत एनएसएस इकाई द्वारा स्वच्छता को लेकर स्वच्छता रैली, सफाई अभियान सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीलम ने स्वयंसेवकों को स्वच्छता का महत्त्व समझाया और मुख्य संरक्षक व संरक्षक के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 02-10-2024**

# एनएसएस स्वयंसेवको ने ली स्वच्छता की शपथ

**संवाद सहयोगी, जागरण ● महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई एक और तीन द्वारा महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में स्वयंसेवकों के लिए स्वच्छता पर शपथ समारोह का आयोजन किया गया। शपथ समारोह के मुख्य संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व संरक्षक समकुलपति प्रो. सुषमा यादव रहे। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता ही सेवा है, यदि हम सभी अपने आसपास की सफाई स्वयं कर लेंगे तो देश की धरा अपने आप ही स्वच्छ हो जाएगी। कार्यक्रम की शुरुआत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. युधवीर ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया।



स्वयंसेवको को स्वच्छता की शपथ दिलाती समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ● सौः हकेंवि

विश्वविद्यालय में एनएसएस इकाई के समन्वयक डा. प्रदीप कुमार ने बताया कि स्वच्छता की सेवा अभियान के अंतर्गत एनएसएस इकाई द्वारा स्वच्छता को लेकर स्वच्छता रैली, सफाई अभियान सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. नीलम ने स्वयंसेवकों को स्वच्छता का महत्त्व समझाया और मुख्य संरक्षक व संरक्षक के प्रति धन्यवाद दिया। स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम में दिलाई गई शपथ को आत्मसात किया। आयोजन में एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: NAvoday Times** **Date: 02-10-2024**

## हकेवि में एनएसएस स्वयंसेवको ने ली स्वच्छता की शपथ



*एनएसएस स्वयंसेवकों को स्वच्छता की शपथ दिलाती समकुलपति सुषमा यादव।*

महेंद्रगढ़, 1 अक्तूबर (ब्यूरो):हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई एक और तीन द्वारा महात्मा गाँधी की जयंती के उपलक्ष्य में स्वयंसेवको के लिए स्वच्छता पर शपथ समारोह का अयोजन किया गया। शपथ समारोह के मुख्य संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलपति टंकेश्वर कुमार व संरक्षक समकुलपति प्रो. सुषमा यादव रहे। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता ही सेवा है,यदि हम सभी अपने आसपास की सफाई स्वयं कर लेंगे तो देश की धरा अपने आप ही स्वच्छ हो जाएगी। कार्यक्रम की शुरुआत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. युधवीर ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। विश्वविद्यालय में एनएसएस इकाई के समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि स्वच्छता की सेवा अभियान के अंतर्गत एनएसएस इकाई द्वारा स्वच्छता को लेकर स्वच्छता रैली, सफाई अभियान सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीलम ने स्वयंसेवकों को स्वच्छता का महत्त्व समझाया और मुख्य संरक्षक व संरक्षक के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम में दिलाई गई शपथ को आत्मसात किया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: The Tribune** **Date: 03-10-2024**

## SWACHH BHARAT DIWAS OBSERVED



**Mahendragarh:** The Central University of Haryana (CUH) organised "Swachh Bharat Diwas" on October 2, 2024, as part of the "Swachhata Hi Seva" Special Campaign 4.0. The event, themed "Swabhav Swachhata, Sanskaar Swachhata", included a cleanliness drive called "Sampoorna Swachata through Shramdaan". Vice-Chancellor Prof Tankeshwar Kumar initiated the event and emphasised the importance of cleanliness for a healthy life, urging everyone to take responsibility for maintaining a clean environment. Pro Vice-Chancellor Prof Sushma Yadav also participated, stressing the need for collective efforts in cleanliness.

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Aaj Samaj** **Date: 03-10-2024**


# प्रो. टंकेश्वर कुमार ने दिलाई स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता की शपथ

■ हकेवि में स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर स्वच्छता अभियान आयोजित

नीरज कौशिक

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर संपूर्ण स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के नेतृत्व में विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, शिक्षणेतर कर्मचारियों व स्वच्छता सहयोगियों ने विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत श्रमदान किया। इस अवसर पर सभी सहभागियों ने ह्यस्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छताह्य की शपथ ली और इस अभियान को अनवरत जारी रखने का संकल्प दोहराया। आयोजन में विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। विश्वविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा विशेष अभियान 4.0 के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता लक्षित इकाई के अंतर्गत सभी सहभागियों ने बढ़-चढ़कर छात्रावास परिसर के आसपास सफाई अभियान चलाया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस अवसर पर प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि समय आ गया है कि हम स्वच्छता के भाव को संस्कार के तौर पर स्वीकार करें और इसकी शुरूआत स्वयं से करें।


सहभागियों को स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता की शपथ दिलाते कुलपति।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता स्वस्थ जीवन के लिए महत्वपूर्ण है और हम सभी को अपने पर्यावरण को स्वच्छ बनाने की समान जिम्मेदारी लेनी चाहिए। इसी क्रम में विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने भी स्वच्छता के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए सभी का कर्त्तव्य बताया और कहा कि सामूहिक जिम्मेदारी से ही हम इस संकल्प को पूर्ण कर सकते हैं। उन्होंने भारतीय परंपरा में स्वच्छता के अच्छे अभ्यासों को बनाए रखने के वैज्ञानिक तर्क को भी इंगित किया।

विश्वविद्यालय के स्वच्छता ही सेवा अभियान के लिए नोडल अधिकारी एवं फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग में सहायक आचार्य डॉ. तरुण कुमार ने इस अभियान के अंतर्गत बीते एक पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी और इसमें सक्रिय योगदान देने वाले सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के सहायक आचार्य डॉ. नीरज कर्ण सिंह ने स्वच्छता गीत गाकर सहभागियों को प्रोत्साहित किया। इस आयोजन के दौरान सभी सहभागियों ने मिलकर स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत श्रमदान किया और श्रमदान करने वालों में प्रो. सुनील कुमार, प्रो. दिनेश चहल, डॉ. मनीषा पांडे, डॉ. मनीष कुमार, प्रो. सुरेंद्र सिंह, प्रो. राजेंद्र प्रसाद मीना, डॉ. युद्धवीर, डॉ. रितेश देशमुख, डॉ. रवि प्रताप पांडे, डॉ. श्री राम पांडे, डॉ. अंकुश विज, डॉ. रणबीर सिंह, श्री मुकेश यादव, डॉ. जयपाल एवं श्री तारा चंद के नाम प्रमुख हैं।

# आमजन में स्वच्छता की अलख जगाने का निरंतर प्रयास जरूरी

**संवाद सहयोगी, जागरण • महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ की एनएसएस यूनिट दो द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा-2024' अभियान के अंतर्गत 'स्वच्छता के रंग' पर केंद्रित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। आयोजन में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से लगभग 25 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। विद्यार्थियों ने स्वच्छता व सफाई पर अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति से स्वच्छता के रंग भरें। सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रतिभागियों से कहा कि स्वच्छता के इस अभियान से जुड़कर आमजन में स्वच्छता की अलख जगाने का निरंतर प्रयास होना चाहिए। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने



प्रो. टंकेश्वर कुमार

• 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का किया आयोजन

स्वच्छता पर संदेश देते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक इस सकारात्मक सोच को प्रसारित करना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए।

कार्यक्रम का नेतृत्व एनएसएस इकाई के समन्वयक डा. प्रदीप कुमार और कार्यक्रम अधिकारी डा. मुकेश उपाध्याय ने किया। शिक्षक शिक्षा विभाग की डा. आरती यादव, डा. नीरज कर्ण सिंह और दिलीप कुमार पटेल ने इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Impressive Times** **Date: 03-10-2024**

## "Swachh Bharat Diwas" Organised at CUH

October 02, 2024 02:46 PM



MAHENDERGARH, 02.10.24-"Swachh Bharat Diwas" and Cleanliness Drive- "Sampoorna Swachhata through Shramdaan including Swachhata Lakshit Ekayi" under the banner of 'Swachhata Hi Seva' Special Campaign 4.0 was organized on 02 Oct 2024 by the Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. The event's theme was "Swabhav Swachhata, Sanskaar Swachhata" and cleanliness through "Sampoorna Swachhata through Shramdaan including Swachhata Lakshit Ekayi". Prof. Tankeshwar Kumar, Vice-Chancellor initiated and participated in the event. He said cleanliness is important for healthy life and we all should take equal responsibility to make our environment clean. He also emphasized on the importance of cleanliness. Prof. Sushma Yadav, Pro Vice-Chancellor also participated and graced the event. She highlighted the significance of body, mind and surrounding cleanliness. She also pointed out the scientific logic in Indian tradition to maintain good hygiene practices. Dr. Tarun Kumar from the Department of Pharmaceutical Sciences and nodal officer for Swachhata Hi Sewa Abhiyaan pointed out the importance of cleanliness. Dr. Neeraj from Department of Journalism and Mass Communication sang a song on Swachhata Diwas. The students from the various departments actively participated and took pledges for cleanliness. Moreover, faculties, non-teaching staff, cleaners, and general public all have participated in the pledge to ensure a clean Bharat. They all participated in the "Swachh Bharat Diwas" and cleanliness drive and clean the university campus. On this occasion, Prof. Suneel Kumar, Prof. Dinesh Chahal, Dr. Manisha Pandey, Dr, Manish Kumar, Prof. Surender Singh, Prof. Rajendra Prasad Meena, Dr. Yudhvir, Dr. Ritesh Deshmukh, Dr. Ravi Pratap Pandey, Dr. Shri Ram Pandey, Dr. Ankush Vij, Dr. Ranbir Singh, Mr. Mukesh Yadav, Dr. Jaipal, Mr. Tara Chand and Mr. Amarjeet were present and actively participated.

## Central University of Haryana

**NAAC Accredited ‘A’ Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Aaj Samaj** **Date: 03-10-2024**

# हकेवि में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन



हकेवि में पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करने वाले विद्यार्थी व शिक्षक।

## नीरज कौशिक

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ की एनएसएस यूनिट दो द्वारा ह्यस्वच्छता ही सेवा-2024ह्य अभियान के अंतर्गत ह्यस्वच्छता के रंगह्य पर केंद्रित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। आयोजन में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से लगभग 25 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की।

विद्यार्थियों ने स्वच्छता व सफाई पर अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति से स्वच्छता के रंग भरें। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रतिभागियों को संदेश देते हुए कहा कि स्वच्छता के इस अभियान से जुड़कर आमजन में स्वच्छता की अलख जगाने का निरंतर प्रयास होना चाहिए। विश्वविद्यालय की समकुलपति महोदय प्रो. सुषमा यादव ने स्वच्छता पर संदेश देते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक इस सकारात्मक सोच को प्रसारित करना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए। कार्यक्रम का नेतृत्व एनएसएस इकाई के समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मुकेश उपाध्याय ने किया। शिक्षक शिक्षा विभाग की डॉ. आरती यादव, डॉ. नीरज कर्ण सिंह और श्री दिलीप कुमार पटेल ने इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में शिक्षक शिक्षा विभाग के अमित कुमार ने प्रथम, बीटेक के खुशाल कुमार ने द्वितीय स्थान और शिक्षक शिक्षा विभाग के आलेखा प्रसाद और अपर्णा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Hello Rewari** **Date: 03-10-2024**

# हकेवि में स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर स्वच्छता अभियान आयोजित

**हैलो रेवाड़ी संवाददाता**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में 'स्वच्छ भारत दिवस' के अवसर पर संपूर्ण स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के नेतृत्व में विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों, शिक्षणेतर कर्मचारियों व स्वच्छता सहयोगियों ने विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत श्रमदान किया। इस अवसर पर सभी सहभागियों ने 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' की शपथ ली और इस अभियान को अनवरत जारी रखने का संकल्प दोहराया। आयोजन में विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव व कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।



विश्वविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा विशेष अभियान 4.0 के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता लक्षित इकाई के अंतर्गत सभी सहभागियों ने बढ़-चढ़कर छात्रावास परिसर के आसपास सफाई अभियान चलाया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस अवसर पर प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि समय आ गया है कि हम स्वच्छता के भाव को संस्कार के तौर पर स्वीकार करें और इसकी शुरुआत स्वयं से करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता स्वस्थ जीवन के लिए महत्वपूर्ण है और हम सभी को अपने पर्यावरण को स्वच्छ बनाने की समान जिम्मेदारी लेनी चाहिए। इसी क्रम में विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने भी स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी का कर्तव्य बताया और कहा कि सामूहिक जिम्मेदारी से ही हम इस संकल्प को पूर्ण कर सकते हैं। उन्होंने भारतीय परंपरा में स्वच्छता के अच्छे अभ्यासों को बनाए रखने के वैज्ञानिक तर्क को भी इंगित किया। विश्वविद्यालय के स्वच्छता ही सेवा अभियान के लिए नोडल अधिकारी एवं फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग में सहायक आचार्य डॉ. तरुण कुमार ने इस अभियान के अंतर्गत बीते एक पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी और इसमें सक्रिय योगदान देने वाले सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के सहायक आचार्य डॉ. नीरज कर्ण सिंह ने स्वच्छता गीत गाकर सहभागियों को प्रोत्साहित किया। इस आयोजन के दौरान सभी सहभागियों ने मिलकर स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत श्रमदान किया और श्रमदान करने वालों में प्रो. सुनील कुमार, प्रो. दिनेश चहल, डॉ. मनीषा पांडे, डॉ. मनीष कुमार, प्रो. सुरेंद्र सिंह, प्रो. राजेंद्र प्रसाद मीना, डॉ. युद्धवीर, डॉ. रितेश देशमुख, डॉ. रवि प्रताप पांडे, डॉ. राम पांडे, डॉ. अंकुश विज, डॉ. रणबीर सिंह, मुकेश यादव, डॉ. जयपाल एवं तारा चंद के नाम प्रमुख हैं।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 03-10-2024**

# स्वच्छता ही सेवा प्रतियोगिता में अमित व खुशाल ने मारी बाजी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ की एनएसएस यूनिट दो द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्वच्छता के रंग पर केंद्रित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया।

विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने स्वच्छता पर कलात्मक अभिव्यक्ति से स्वच्छता के रंग भरें। पोस्टर मेकिंग में शिक्षक शिक्षा विभाग के अमित कुमार प्रथम, बीटेक के खुशाल कुमार द्वितीय व शिक्षक शिक्षा विभाग के आलेखा प्रसाद और अपर्णा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## शिक्षक व शिक्षा विभाग से आलेखा प्रसाद व अपर्णा तृतीय

इस अवसर पर कुलपति प्रो. टंकेश्वर, प्रो. सुषमा यादव, डॉ. प्रदीप कुमार, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मुकेश उपाध्याय, डॉ. आरती यादव, डॉ. नीरज कर्ण सिंह, दिलीप कुमार पटेल मौजूद रहे। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 03-10-2024**

## हकेंवि में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत करवाई पोस्टर प्रतियोगिता



भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हकेंवि की एनएसएस यूनिट-2 द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा- 2024' अभियान के अंतर्गत 'स्वच्छता के रंग' पर केंद्रित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से लगभग 25 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। विद्यार्थियों ने स्वच्छता व सफाई पर अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति से स्वच्छता के रंग भरें।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि स्वच्छता के इस अभियान से जुड़कर आमजन में स्वच्छता की अलख जगाने का निरंतर प्रयास होना चाहिए। सम्कुलपति प्रो. सुषमा यादव ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक इस सकारात्मक सोच को प्रसारित करना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए।

कार्यक्रम का नेतृत्व एनएसएस इकाई के समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मुकेश उपाध्याय ने किया। शिक्षक शिक्षा विभाग की डॉ. आरती यादव, डॉ. नीरज कर्ण सिंह और दिलीप कुमार पटेल ने इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका अदा की। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में शिक्षक शिक्षा विभाग के अमित कुमार ने प्रथम, बीटेक के खुशाल कुमार ने द्वितीय स्थान और शिक्षक शिक्षा विभाग के आलेख प्रसाद और अपर्णा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Chetna** **Date: 03-10-2024**

# हकेवि में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का किया आयोजन



**महेन्द्रगढ़, चेतना संवाददाता।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ की एनएसएस यूनिट दो द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा-2024' अभियान के अंतर्गत 'स्वच्छता के रंग' पर केंद्रित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। आयोजन में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से लगभग 25 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। विद्यार्थियों ने स्वच्छता व सफाई पर अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति से स्वच्छता के रंग भरें। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रतिभागियों को संदेश देते हुए कहा कि स्वच्छता के इस अभियान से जुड़कर आमजन में स्वच्छता की अलख जगाने का निरंतर प्रयास होना चाहिए। विश्वविद्यालय की समकुलपति महोदय प्रो. सुषमा यादव ने स्वच्छता पर संदेश देते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक इस सकारात्मक सोच को प्रसारित करना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए।

कार्यक्रम का नेतृत्व एनएसएस इकाई के समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मुकेश उपाध्याय ने किया। शिक्षक शिक्षा विभाग की डॉ. आरती यादव, डॉ. नीरज कर्ण सिंह और श्री दिलीप कुमार पटेल ने इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में शिक्षक शिक्षा विभाग के अमित कुमार ने प्रथम, बीटेक के खुशाल कुमार ने द्वितीय स्थान और शिक्षक शिक्षा विभाग के आलेखा प्रसाद और अपर्णा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Navoday Times** **Date: 03-10-2024**

# हकेवि में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत पोस्टर प्रतियोगिता



*हकेवि में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करने वाले विद्यार्थी व शिक्षक।*

## अमित कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

महेंद्रगढ़, 2 अक्तूबर (मोहन,परमजीत): हरियाणा केंद्रीयविश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ की एनएसएस यूनिट दो द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा-2024' अभियान के अंतर्गत 'स्वच्छता के रंग' पर केंद्रित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया।

आयोजन में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से लगभग 25 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रतिभागियों को संदेश देते हुए कहा कि स्वच्छता के इस अभियान से जुड़कर आमजन में स्वच्छता की अलख जगाने का निरंतर प्रयास होना चाहिए।

कार्यक्रम का नेतृत्व एनएसएस इकाई के समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मुकेश उपाध्याय ने किया। शिक्षक शिक्षा विभाग की डॉ. आरती यादव, डॉ. नीरज कर्ण सिंह और श्री दिलीप कुमार पटेल ने इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में शिक्षक शिक्षा विभाग के अमित कुमार ने प्रथम, बीटेक के खुशाल कुमार ने द्वितीय स्थान और शिक्षक शिक्षा विभाग के आलेखा प्रसाद और अपर्णा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Hello Rewari** **Date: 03-10-2024**

# 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित



**हैलो रेवाड़ी संवाददाता**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ की एनएसएस यूनिट दो द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा-2024' अभियान के अंतर्गत 'स्वच्छता के रंग' पर केंद्रित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। आयोजन में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से लगभग 25 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। विद्यार्थियों ने स्वच्छता व सफाई पर अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति से स्वच्छता के रंग भरें। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रतिभागियों को संदेश देते हुए कहा कि स्वच्छता के इस अभियान से जुड़कर आमजन में स्वच्छता की अलख जगाने का निरंतर प्रयास होना चाहिए। विश्वविद्यालय की समकुलपति महोदय प्रो. सुषमा यादव ने स्वच्छता पर संदेश देते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक इस सकारात्मक सोच को प्रसारित करना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए। कार्यक्रम का नेतृत्व एनएसएस इकाई के समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मुकेश उपाध्याय ने किया। शिक्षक शिक्षा विभाग की डॉ. आरती यादव, डॉ. नीरज कर्ण सिंह और श्री दिलीप कुमार पटेल ने इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में शिक्षक शिक्षा विभाग के अमित कुमार ने प्रथम, बीटेक के खुशाल कुमार ने द्वितीय स्थान और शिक्षक शिक्षा विभाग के आलेखा प्रसाद और अपर्णा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।